अखिल भारतीय अंतर साई और... पृष्ठ 2 | आयुक्त ने की लोककर्म एवं... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स





नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559


गुरूवार, 11 जुलाई 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 269, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

# 500 रूपये में सिलेंडर देने का वादा जल्द करेंगे पूरा : सीएम

## राज्य और केन्द्र सरकार के बेहतर समन्वय से छत्तीसगढ़ का होगा तेजी से विकास : मनोहर लाल



**रायपुर।** राजधानी के दीनदयाल ऑडिटोरियम में बुधवार को छत्तीसगढ़ बीजेपी प्रदेश कार्यसमिति की बैठक हुई, जिसमें केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव समेत साय केबिनेट के मंत्री और प्रदेशभर से आए 1500 से ज्यादा नेता-कार्यकर्ता शामिल हुए. मीटिंग में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर रणनीति बनाई गई. इसके साथ ही लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों में कामकाज का रिव्यू किया गया। इसकी रिपोर्ट दिल्ली भेजी जाएगी. मीटिंग के दौरान मुख्यमंत्री साय ने ऑडिटोरियम में मौजूद पार्टी के सभी नेता और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया.

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि विधानसभा और लोकसभा में बड़ी जीत के बाद आज की इस वृहद् कार्यसमिति बैठक में शामिल सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं का स्वागत है. आज की कार्यसमिति में सभी का हृदय से अभिनंदन करता हूं. आप सभी लोगो को मालूम है कि विधानसभा चुनाव के छह माह पहले हमारी क्या स्थिति थी, कांग्रेस हम लोगो को गिनती नहीं थी, हमारे कार्यकर्ता भी थोड़े परेशान थे, लेकिन फिर केंद्रीय नेतृत्व ने धीरे-धीरे हमे मज़बूत किया. सीएम साय ने कहा कि हमारे प्रभारीगण के केंद्रीय नेतृत्व ने हम लोगो को सरकार बनाने की हिम्मत प्रदान की. हमारे नेताओं ने प्रदेश के एक-एक गांव तक पहुंचकर कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया. हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री (पीएम नरेंद्र मोदी) ने प्रदेश आकर नारा दिया और पूरा माहौल बदल गया और हमने दोनों चुनावों में सफलता हासिल की, जिसका सीधा-सीधा श्रेय हमारे देव तुल्य कार्यकर्ताओ को जाता है. हमारे कार्यकर्ताओं की वजह से ही हम यह ऐतिहासिक जीत हासिल कर दोबारा प्रदेश की सत्ता में वापस आए है. सीएम ने कहा कि सरकार चलाने में एक-एक कार्यकर्ता का मार्गदर्शन लिया जाएगा. हमारा मंडल और बूथ सशक्त बनाने का काम किया जा रहा है. हम जानते है, संगठन मजबूत रहेगा तभी सरकार मज़बूत रहेगी. हमे आगामी नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को मज़बूती के साथ लड़ना है.

**जनता से किया हर वादा पूरा करेंगे-**

सीएम साय ने कहा कि हमने न सिर्फ राज्य में सरकार बनाई बल्कि छत्तीगढ़ की जनता का भरोसा भी जीता है. चुनाव के समय हमने कई दौरे किये और इस दौरान किए गए कई वादों को समय से पहले पूरा किया है और जो वादे रह गए है उन्हें जल्द पूरा किया जाएगा। हम गैस सिलेंडर 500 रूपये में देने का वादा पूरा करेंगे.

**भ्रष्टाचार के मामलो में हमारी सरकार अपना रही जीरो टॉलरेंस की नीति**

सीएम साय ने कहा कि हमारी सरकार भ्रष्टाचार के मामलो में जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है. पूर्व की कांग्रेस सरकार में शराब घोटाले जिस कारण हुए उसे हमने बदल दिया है. कोयला से सम्बंधित गतिविधियों के लिए हमने ऑफलाईन सिस्टम हटाकर ऑनलाइन प्रक्रिया लागू की है. पिछली सरकार ने जितने भी भ्रष्टाचार किए है. शराब शराब, कोयला घोटाला, महादेव ऑनलाइन बैटिंग ऐप जैसे घोटाले हुए उसे ज़ीरो टॉलरेंस में रखा गया है.




**नक्सलवाद के खिलाफ चल रही बहुत बड़ी लड़ाई-**

सीएम साय ने नक्सल समस्या को लेकर कहा कि हमारे गृहमंत्री के साहस की वजह से प्रदेश में नक्सलवाद के ख़िलाफ बहुत बड़ी लड़ाई चल रही है. अब तक 140 से अधिक हार्डकोर नक्सलियों को सुरक्षाबलों ने मार गिराया है. हमारी योजनाओं से प्रभावित होकर बहुत से नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे है. हमने दूर दर्ज के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगातार बड़े स्तर पर कैम्प स्थापित कर रहे है.

# एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत प्रोफाइल पिक्चर फ्रेम फ्रेम अभियान में शामिल होकर पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को करें जागरूक

**रायपुर।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अपील पर अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के दिन से पूरे देश में एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरुआत हो चुकी है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने अपनी माता जी के सम्मान में राजधानी रायपुर में दहीमन और गृह ग्राम बगिया में रुद्राक्ष का पौधा रोपा है। श्री साय ने प्रदेश वासियों से अपील की है कि इस अभियान में अधिक से अधिक शामिल होकर छत्तीसगढ़ महतारी की गोद को हरा-भरा बनाने में अपना योगदान दें। राज्य शासन के जनसंपर्क संचालनालय द्वारा अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार




हेतु सोशल मीडिया पर एक पेड़ माँ के नाम प्रोफाइल पिक्चर फ्रेम अभियान की शुरुआत की गई है। इसके तहत आप अपने घर आँगन, खेत में अपनी माता जी के साथ या माता जी की स्मृति में पौधा लगाते हुए अपनी तस्वीर लें। इसके बाद अपनी तस्वीर के साथ एक पेड़ माँ के नाम प्रोफाइल पिक्चर फ्रेम लगाने के लिए दिए गये लिंक को क्लिक करें। इसके बाद प्रोफाइल पिक्चर डाउनलोड कर अपने सोशल मीडिया व्हाट्सएप/एक्स/ फेसबुक/ इंस्टाग्राम/स्नैपचैट इत्यादि पर डिस्प्ले के रूप में लगायें। आप अपने सोशल मीडिया की प्रोफाइल पिक्चर के साथ च्एक पेड़ माँ के नामज्ज् प्रोफाइल फ्रेम लगाकर इस अभियान में हिस्सा लेकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने में अपना बहुमूल्य योगदान दे सकते हैं।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह की तैयारियों के संबंध में बैठक संपन्न

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 15 अगस्त 2024 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने कहा कि प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी जिले में स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह का भव्य आयोजन किया जाना है। उन्होंने जिले में आयोजित स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह की तैयारी के संबंध में सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा को बनाए रखने के उद्देश्य से



प्लास्टिक के झंडों का उपयोग नहीं होना चाहिए। उन्होंने मुख्य समारोह स्थल के संबंध में चर्चा की। कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस पर जिले के सभी शासकीय व सार्वजनिक भवनों, राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर रोशनी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को अपने-अपने कार्यालय में ध्वजारोहण के पश्चात मुख्य समारोह में शामिल होने कहा। उन्होंने परेड एवं रिहर्सल, आमंत्रण कार्ड, बैठक व्यवस्था, साज-सज्जा, बेरिकेटिंग, विद्युत व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को दायित्व सौंपा।

# उमरवाही से गुण्डरदेही सड़क चौड़ीकरण के लिए मुख्यमंत्री से भेंट

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** उमरवाही से गुण्डरदेही (मुख्यमार्ग डोंगरगांव) जो की सकरी होने के साथ साथ अति जर्जर है, इसके लिए काफी समय से जिलामंत्री अनंत तिवारी प्रयासरत है, 5 वर्षो में कांग्रेस सरकार में इस सड़क का चौड़ीकरण नही हो पाया कांग्रेस का गढ़ होने के बावजूद जब सत्ता पक्ष के विधायक और सत्ता में कांग्रेस की सरकार थी तब भी इस सड़क के लिए कांग्रेस ने रत्ती भर ध्यान नहीं दिया, फिर इस बार कांग्रेस के विधायक है। लंबे समय से कांग्रेस के गढ़ में सड़क, शिक्षा (कॉलेज), और परिवहन सुविधाएं ठीक नही है। अनंत तिवारी का कहना है की जब तक ये तीनो सुविधाएं दुरुस्त नहीं होंगे तब तक क्षेत्र में व्यस्त बाजार, रोजगार उत्पन्न नहीं होंगे। दूरगामी सकारात्मक परिणाम के लिए सड़क, शिक्षा और परिवहन बेहद आवश्यक है। इसी लिए जिला मंत्री भाजयुमो श्री तिवारी लगातार उक्त मार्ग के लिए प्रयास रत है। इसी विषय को लेकर जिलामंत्री श्री तिवारी ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन दी है। उक्त समय नवीन साहू जिला सोसल मीडिया, हिमांशु साहू इत्यादि लोग उपस्थित थे।



# भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक के बावजूद दौड़ रही बड़ी गाड़ियां

## बड़े गड्ढे एवं कीचड़ से पैदल चलने लायक नहीं सड़क

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत बनी पक्की सड़क मार्ग घोरदा से नेशनल हाईवे को जोड़ने वाली सड़क गड्ढे एवं कीचड़ से सराबोर हो गया है। भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक के बावजूद रोज सैकड़ो गाड़ियां लोड भरकर दौड़ रही है। ज्यादातर गड्ढे घोरदा से कविराज टोलागांव लगभग 1 किलोमीटर में देखने को मिलेगा। इस रोड पर अनेक फैक्ट्रियां हैं। दूसरी ओर स्टेट हाईवे से नेशनल हाईवे को जोड़ती है। दूसरे राज्यों के भारी माल वाहन रोजाना सड़क पर दौड़ती है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे एवं कीचड़ युक्त होने के कारण स्कूली बच्चे, राहगीर गिर रहे हैं। पक्की सड़क में गड्ढे होने से पैदल चलना मुश्किल हो गया है। गड्ढे एवं कीचड़ से लोगों को फिसलन से परेशानी हो रही है। लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग 10 वर्ष पूर्व बनी घोरदा से कविराज टोलागांव एवं बनहरदी होते राष्ट्रीय राजमार्ग में जुड़ने वाली सड़क की काफी दुर्दशा हो गई है। शासन ने मरम्मत के नाम पर लाखों रुपए खर्च कर दी है लेकिन भारी वाहनों के प्रतिबंध के बावजूद सड़क की हालत नहीं सुधरी है ।।



**इन ग्रामीण पक्की सड़क मार्ग पर लगी है भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक**

डोंगरगांव ब्लॉक के प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत घोरदा से नेशनल हाईवे लंबाई चार किलोमीटर रामपुर से बनभेदभेड़ी मार्ग 4 किलोमीटर एवं सिंगारपुर प्रवेश द्वार से मेढ़ा जाने वाली पक्की सड़क मार्ग पर जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर द्वारा भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बावजूद रोज सैकड़ो माल वाहक गाड़िया सड़क पर चल रही है। इससे सड़क पर जगह-जगह गड्ढे एवं सड़क उखड़ कर पूरी तरह गायब हो गई है। क्षेत्र के ग्ग्रामीणों लोकनाथ निषाद, बलीराम आदि ने बड़ी गाड़ियों पर रोक लगाने की मांग शासन प्रशासन से की है।

# केंद्रीय मंत्री खट्टर का कोमल सिंह राजपूत ने किया स्वागत

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल मंत्री मनोहर लाल खट्टर का आज रायपुर आगमन पर प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने साइंस कॉलेज के ऑडिटोरियम में विशेष रूप से सम्मान किया और छत्तीसगढ़ आगमन पर आभार व्यक्त करते हुए प्रदेश सरकार की किसान हित में चल रही योजनाओं की जानकारी भी दी। इस दौरान कोमल सिंह राजपूत के साथ किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष हिरेंद साहू, चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश मंत्री राजा मखीजा साथ में थे।



# खुज्जी के नवदीप देवांगन को 3 स्वर्ण पदक उपाधि से सम्मानित हुए

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम खुज्जी डोंगरगांव निवासी नवदीप देवांगन पिता सुंदरलाल देवांगन को पंडित सुंदरलाल यूनिवर्सिटी बिलासपुर द्वारा संचालित एम ए स्नातकोत्तर संस्कृत की परीक्षा में पूरी यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन लाल साहू लाल साहू के अलावा यूनिवर्सिटी के कुलपति वंश गोपाल सिंह के उपस्थिति में तीन स्वर्ण पदक उपाधि से सम्मानित किया गया है नवदीप देवांगन को तीन स्वर्ण पदक उपाधि से सम्मानित होने के बाद खुज्जी डोंगरगांव क्षेत्र के शिक्षा जगत में हर्ष व्याप्त है नवदीप देवांगन सम्मानित होने के बाद छत्तीसगढ़ के अलावा उनके सामाजिक बंधु और अंचल के शिक्षा जगत को विशेष रूप से गौरवांतीत किया गया है उनके इस उपलब्धि से उन्हें मोबाइल से तथा घर पहुंच कर लोग बधाई शुभकामनाएं दे रहे हैं।



# क्षेत्र में मुरूम माफिया उड़ा रहे प्रशासन का मजाक, कार्यवाही नही होने से खनन माफियाओं के हौसले हुए बुलंद

## खनिज विभाग की सुस्त कार्रवाई के चलते धड़ल्ले से चल रहा है मुरूम खनन, कलेक्टर के आदेश की हो रही अवहेलना



**शासकीय अवकाश के दिन सुबह से लेकर शाम तक होती है मुरूम की सप्लाई**

अफशान खान

**अम्बागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)।** नवगठित जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी को जिला बने लगभग 2 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं लेकिन प्रशासनिक गतिविधियों में कोई बदलाव नहीं आया है, खनिज विभाग की सुस्त कार्यशैली और साठगाठ मुरूम माफियाओं के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे है, प्रशासन और खनन माफिया नियम और कानून का जमकर माखौल उड़ाते नजर आ रहे है लगातार हाइवा से अवैध रेत व मुरुम से भारी मात्रा में भरकर निकलकर सरपट सड़को पर दौड़ रही गाड़ियों से दुर्घटना की सम्भावना बनी हुई रहती है।

बता दे की रविवार को ग्राम पंचायत भड़सेना में अवैध मुरुम का उत्खनन सार्वा ट्रांसपोर्ट व सीजी ट्रांसपोर्ट के द्वारा किया जा रहा था, जिसकी जानकारी संबंधित विभाग व अधिकारियों को दिए जाने के बावजूद किसी प्रकार की कार्यवाही न होना प्रशासन को संदेह के दायरे में लाकर खड़ा करता है। साथ ही दोनो मुरूम सप्लायर राजनीतिक पार्टी से जुड़े होने का फायदा भी उठाते नजर आ रहे है, जिसकी राजनीतिक पार्टी में हलचल होना शुरू हो गई है।

**जिले में नहीं थम रही अवैध मुरूम खनन का कार्य**

प्रशासनिक कार्रवाई नहीं होने से आसपास के क्षेत्र में धड़ल्ले से अवैध उत्खनन चल रहा है, देख कर लगता है कि जैसे खनिज विभाग ने खनन माफियाओं को खुली छूट दे रखी हो, अवैध उत्खनन व परिवहनकर्ताओ पर विभागीय कार्यवाही नही होने से अब खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हो चले है, जिससे खनन माफिया अब किसी भी आपराधिक घटनाओ को अंजाम देने से भी नही डर रहे है।

**चोरी उपर से सीना जोरी - मुरूम सप्लायर**

हाल ही में ग्राम भड़सेना में मीडिया कर्मी कवरेज करने पहुंचे तो राजनीतिक पार्टी का धौस दिखाते हुए देव - लोक मीडिया कर्मी पर हावी हो रहे थे। लेकिन एक कहावत है चोरी ऊपर से सीना जोरी, इस तर्ज पर मुरूम माफिया लगातार घटना को अंजाम देकर अपना उल्लू सीधा कर लेते हैं, प्रशासनिक कार्रवाई नहीं होने के डर के कारण या मोटी रकम संबंधित विभाग तक पहुंच जाने के कारण सप्लायर के हौसले बुलंद होते नजर आ रहे।



**इस संबध में खनिज विभाग के आधिकारी हेलेंद्र स्वर्णपाल मोबाइल नं. 9826172393 में लगातार संपर्क बनाया गया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं किया गया।**

nandgaon times julai-11-01.qxd 7/10/2024 10:07 PM Page 2



# अखिल भारतीय अंतर साई और अंतर खेलो इंडिया एकेडमी बास्केटबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

## हॉकी और झांकी के साथ अब राजनांदगांव बास्केटबॉल खेल के लिए भी देश-विदेश में प्रसिद्ध - कलेक्टर



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केन्द्र राजनांदगांव द्वारा दिग्विजय स्टेडियम में आयोजित अखिल भारतीय अंतर साई और अंतर खेलो इंडिया एकेडमी बास्केटबॉल प्रतियोगिता के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी श्री मृणाल चौबे, अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी श्री लुमेन्द्र साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने प्रतियोगिता में शामिल सभी खिलाडि़यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से खिलाड़ी आपस में मिलते हैं और खेल आपस में खिलाडि़यों में दोस्ती करवाता है। साथ ही युवा खिलाडि़यों के बीच नव ऊर्जा एवं उत्साह का संचार होता है। कलेक्टर ने कहा कि विभिन्न खेलों के माध्यम से रोजगार के अवसर भी मिल रहे हैं। कलेक्टर ने बताया कि संस्कारधानी राजनांदगांव देश में खेल नगरी के रूप में जाना जाता है। साथ ही राजनांदगांव को हॉकी की नर्सरी के रूप में पहचाना जाता है। लेकिन अब राजनांदगांव को बास्केटबॉल की नर्सरी के रूप में भी पहचानते हैं। राजनांदगांव की पहचान हॉकी, झांकी और बास्केटबॉल के रूप में हो रही है। कलेक्टर ने खिलाडि़यों से परिचय भी प्राप्त किया और प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति को शुभकामनाएं भी दी।साई ट्रेनिंग सेंटर राजनांदगांव के केंद्र प्रभारी केसी त्रिपाठी ने बताया कि अखिल भारतीय अंतर साई और अंतर खेलो इंडिया एकेडमी बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 8 से 12 जुलाई 2024 तक लीग कम नॉकआउट पद्धति से खेली जायेगी। इस प्रतियोगिता में साई ट्रेनिंग सेंटर राजनांदगांव की दो टीम, साई ट्रेनिंग सेंटर जबलपुर, साई ट्रेनिंग सेंटर सेलम, साई ट्रेनिंग सेंटर धारवाड़, साई ट्रेनिंग सेंटर वाराणसी, युगांतर खेलो इंडिया एकेडमी एवं साई ट्रेनिंग सेंटर जम्मू की टीमें भाग ले रही हैं। इस अवसर पर दिग्विजय स्टेडियम के मेनेजर श्री रणविजय प्रताप सिंह, साई एवं अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षक श्री कालवा राजेश्वर राव, विभिन्न टीमों के कोच मेनेजर कार्तिकेयन, सचिन डोंगढ, पंकज पांडे, प्रियंका कालवा राधा राव, दिव्या धारावत, सागादेवन, हरप्रीत कौर, अशोक यादव, अमित कुमार, अंतर्राष्ट्रीय रेफरी गोविंद सेन, जतिन मिश्रा, संतोष शुक्ला, अरविंद रजक, मनिष धोबी, तिरथ गोस्वामी, क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल से गगनदीप सिंह बरार सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं खिलाड़ी उपस्थित थे।




**शुभारंभ अवसर पर खेले गए मैचों के परिणाम** - साई ट्रेनिंग सेंटर जबलपुर ने साई ट्रेनिंग सेंटर राजनांदगांव की बी टीम को 55.44 अंकों से एवं साई ट्रेनिंग सेंटर राजनांदगांव की ए टीम ने साई ट्रेनिंग सेंटर जम्मू को 60.25 अंकों से तथा युगांतर खेलों इंडिया बास्केटबॉल एकेडमी राजनांदगांव ने साई ट्रेनिंग सेंटर धारवाड़ को 57.18 अंकों से परास्त किया।

## जोशीलमती सोसाइटी में विशेष आमसभा का आयोजन

**गैदाटोला (नांदगांव टाइम्स)।** आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित जोशीलमती में विशेष आमसभा का आयोजन किया गया



जिसमें पूरे 11 गांव जोशीलमती, कोलिहालमती, कोलियरी, खोरा टोला, गर्रापार, मावली चुवा ,दैहान, केशाल हर्राटोला ,पठान ढोड़गी,थैली टोला,दतरेंगा आदि गांव के कृषक सदस्य गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिसमें समिति के प्रभारी समिति प्रबंधक गणपत सिन्हा द्वारा वार्षिक आय व्यय की जानकारी को पढ़कर सुनाया गया । जिसको कृषक सदस्यों ने भूरी भूरी प्रशंसा की और ताली बजाकर स्वागत किया। जिसमें प्रमुख रूप से हिरेंद्र साहू मंत्री जिला किसान मोर्चा राजनांदगांव, जोशीलमती समिति का पुर्व अध्यक्ष तिलोचन साहू,पुर्व उपाध्यक्ष लोकनाथ साहू, कोमल साहू, तामेश्वर पटेल,मिलन चन्द्रवंशी, घनश्याम साहू , बालमुकुंद कुंजाम सरपंच ग्राम पंचायत गर्रापार, टेमन लाल साहू, ताजू राम चंद्रवंशी, सेवाराम साहू, उदय रामचंद्र वशी, सुखदेव राम साहू, भागवत कस्तूरे चंद्रभान को र्राम इंद्र कुमार चंद्रवंशी, प्रभारी समिति प्रबंधक गनपत सिन्हा मानसिंह साहू,इन्दू राम, संतोष कुमार, लोमनसिंह धुर्वे, मोहन साहू, लोकनाथ साहू ,मोती साहू, सनत साहू ,डॉक्टर जामवंत साहू, भगवान दास साहू,बीपत साहू, तुलसीराम सहित हजारों की संख्या में कृषक सदस्यगण उपस्थित रहे, आमसभा सुचारू रूप से संपन्न हुआ।

## कुमरदा में पर्यावरण संरक्षण अभियान

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** हायर सेकेंडरी स्कूल कुमरदा के इको क्लब प्रभारी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी



बसंत यादव के कुशल मार्ग बीवीदर्शन में छात्र छात्रों द्वारा पर्यावरण संरक्षण, संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। रा से यो एवं इको क्लब के छात्र-छात्राओं द्वारा ग्राम में वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान चलाकर पर्यावरण सुरक्षा एवं संवर्धन का संदेश दे रहे हैं। छात्रों द्वारा अनेक प्रजाति के बीज इकट्ठा कर सीड बाल बनकर सड़क किनारे, समीपस्थ जंगलों में सीड बाल डाला जा रहा है। संस्था के प्राचार्य मिलाप दास साहू ने सभी छात्र-छात्राओं शिक्षकों से प्रधानमंत्री मोदी के मनसा अनुरूप एक पेड़ अपने मां के नाम लगाने तथा समुचित सुरक्षा का अपील किये। इस अवसर पर व्याख्याता वीरेंद्र वैष्णव एवं बसंत यादव का सक्रिय योगदान रहा। संस्था परिसर में कभी एक पेड़ नहीं था,किंतु रा से यो छात्र एवं कार्यक्रम अधिकारी के सतत प्रयास से चार-पांच साल पूर्व लगाए गए कई वैरायटी के पौधे सुंदर विशाल पेड़ बन गए हैं। अनेक औषधि पौधे, छायादार एवं फलदार, फूलदार पेड़ से संस्था परिसर में पूर्ण हरियाली ही हरियाली है।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत खरीफ 2024 अंतिम तारीख 31 जुलाई

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिसूचना 4 जुलाई 2024 को जारी कर दी गई है। वर्ष 2024-25 के खरीफ फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 निर्धारित की गई है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिले के किसान मुख्य फसल धान सिंचित, धान असिंचित एवं अन्य फसल मक्का, मूंगफली, मूंग, उड़द, सोयाबीन, अरहर, कोदो, कुटकी, रागी का बीमा करा सकते हैं। किसानों के फसल को प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ़, जलप्लावन, कीटव्याधि, ओलावृष्टि इत्यादि प्राकृतिक आपदाओं से किसानों को होने वाले नुकसान से राहत दिलाने के लिए बीमा में शामिल किए जाने वाले किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत ऋणी एवं अऋणी किसान जो भू-धारक व बटाईदार हो सम्मिलित हो सकते हैं। जो किसान अधिसूचित ग्राम / राजस्व निरीक्षक मंडल में अधिसूचित फसल के लिए वित्तीय संस्थानों से मौसमी कृषि ऋण स्वीकृत, नवीनीकृत की गई होंगे। योजना ऋणी कृषकों के लिए विकल्प चयन आधार पर क्रियान्वित होगी,

**शुभांक**

**4-6-7**

**148-5 559-9**

**भाग्यांक**

**148-5 559-9**

# स्काउट गाइड द्वारा वृक्षारोपण किया गया

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** वृहत वृक्षारोपण कार्यक्रम स्काउट / गाइड ने रोपे पौधे एवं संरक्षण की ली शपथ- भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के डॉ सोमनाथ यादव राज्य मुख्य आयुक्त एवं कैलाश सोनी राज्य सचिव के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिले में एक साथ वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम स्काउट गाइड के द्वारा किए जाने तारतम्य मे धनीराम साहू शा उ मा शाला किसान अर्जुनी विकास खंड डोंगरगांव में वृक्षारोपण कार्यक्रम में राजेन्द्र गोलछा राज्य उपाध्यक्ष स्काउट/ गाइड छत्तीसगढ़ दिनेश गाँधी संरक्षक स्थानीय संघ डोंगरगांव स्काउट/ गाइड एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं अभय कुमार जायसवाल जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट राजनांदगांव के मार्गदर्शन में किया गया।

जिसमे टामेश साहू सांसद प्रतिनिधि, टोमन साहू अध्यक्ष स्थानीय संघ डोंगरगांव द्रौपदी साहू सरपंच ग्राम पंचायत अर्जुनी हरिचरण सोनी उपसरपंच आर एल पात्रे विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी पदेन सहायक जिला आयुक्त स्काउट विभा पाण्डे प्राचार्य किसान अर्जुनी के मंच में शोभायमान रहे।एवं स्काउटर /गाइडर , स्काउट /गाइड के साथ मिलकर शाला परिसर में 50 पौधों का रोपण किया गया।



मंचीय कार्यक्रम माँ सरस्वती की आराधना कर स्काउट प्रार्थना कर प्रारंभ किया गया। स्वागत उद्बोधन में आर एल पात्रे विकास खंड शिक्षा अधिकारी पदेन सहायक जिला आयुक्त स्काउट अतिथि स्वागत करते हुए जीवन मे पेड़ पौधों के महत्व से स्काउट गाइड सहित सभी को परिचय कराया। कार्यक्रम के अध्यक्ष टोमन साहू एवं विभिन्न अतिथियो ने अपने उद्बोधन में पर्यावरण की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए । भूमिगत जल स्रोतों के निचले स्तर की गंभीरता से विचार करते हुए मानव जीवन के भविष्य को संरक्षित करने वर्तमान पीढ़ी को पौधों वृक्षों को लगाने एवं संरक्षण पर बल दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 01 पेड़ माँ के नाम का तहद अपने घर या आसपास भी 01 पेड़ लगाने एवं अपनी माँ को उपहार स्वरूप जीवन भर संरक्षित करने की बात कही। संस्था के विजय साहू प्रकृति प्रेमी ने अंत मे सभी को पर्यावरण संरक्षण पेड़ पौधे संरक्षण एवं उनके सेवा की शपथ दिलाई। रमेश चौधरी वरिष्ठ व्याख्याता का अतुलनीय सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के दौरान वनमंडल अधिकारी राजनांदगांव आयुष जैन आई एफ एस के सहयोग एवं नि:शुल्क पौधे की उपलब्ध कराने से अवगत कराते हुए उन्हें साधुवाद दिया। आभार प्रदर्शन संस्था प्रमुख विभा पाण्डे ने किया। इस कार्यक्रम में देवेंद्र अम्बादे जिला सचिव ने मंच संचालन किया एवं मयूख श्रीवास्तव जिला संगठन आयुक्त स्काउट विकास खण्ड सचिव स्काउट गाइड टोमन पटेल डोंगरगांव नीरेंद्र नीलम साहू कु अंजलि वैदय रूपधर राणा दिनेश साहू नारद भुआर्य महेश ठाकुर सीता सोरी , लोकेश्वरी भंडारी भारती साहू भूपेश यदु भोजराज देवांगन विकास कुंजाम की सक्रिय भूमिका रही। एवं विकास खंड डोंगरगांव के शास.उच्च.मा.वि. डोंगरगांव मोहड़ अर्जुनी खुज्जी मनेरी बीजेभाठा धौराभाठा जंगलपुर खुर्शीपार सोनेसरार के स्काउट/ गाइडर,रोवर रेंजर सम्मिलित हुए थे।

## बरसनटोला में न्यौता भोजन कार्यक्रम

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शालेय संस्था प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक बरसनटोला में विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगांव आर.एल.पात्रे के आतिथ्य में व शैक्षिक समन्वयक माखनलाल रात्रे के उपस्थिति में संस्था के शिक्षक लविंद्र साव सहित पूरे साव परिवार के द्वारा अपने पूज्य पिता स्व. किसुन साव के जन्म दिवस व उनके स्मृति में न्यौता भोजन के रूप में शाला के बच्चो को खीर पुड़ी प्रदाय कर भावांजलि समर्पित किए।श्री साव ग्राम,मंडल,तहसील अध्यक्ष पदों में आसीन रहते हुए सन 1999 से 2001 तक जिला साहू संघ के अध्यक्ष पदों पर आसीन रहते हुए समाज को नई दिशा व चेतना प्रदान करते हुए अपना जीवन समर्पित कर प्रेरणा दे गए,प्रदेश साहू संघ में सह सचिव के पद पर भी उनका योगदान रहा है।उनका जीवन सदैव संघर्षमयी था,और अपने जीवन काल के कार्य क्षेत्र में शिक्षा विभाग में शैक्षिक समन्यवक,अधीक्षक और प्रधानपाठक के रूप में अपनी सेवाएं देते हुए पूर्व माध्यमिक शाला ढाबा विकासखंड डोंगरगांव से सेवानिवृत हुए थे।अपने



दबंगता, निडरता जैसे गुणों के कारण प्रदेश शिक्षक संघ का भी नेतृत्व शीर्ष पदों में रहकर करते हुए संगठन को नई ऊंचाई प्रदान किए थे,जो कि अविस्मरणीय रहेगा।अपने पिता के प्रेरणा से ही सुपुत्र लविंद्र साव ग्राम,मंडल,तहसील में प्रशासनिक सचिव सहित जिला साहू संघ राजनांदगांव में संयोजक अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ व राजस्व निरीक्षक यशवंत साहू के नेतृत्व में विविध प्रतियोगी परीक्षा हेतु नि:शुल्क कोचिंग को गति देने में अपनी टीम के साथ सहयोग प्रदान कर रहे है। उक्त न्यौता भोजन कार्यक्रम की संपन्नता में विकासखंड शिक्षा अधिकारी शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दयालु साहू,रोहित सोनकर,दुष्यंत नेताम,प्रधानपाठक चूरामन सोनकर,पीताम्बर सोनकर,सरिता बरसागड़े,एम सोनकर,प्रणोद कंवर,हेमलता साहू,अमित साव,इंदुलता साव,संगीता साव,ज्योतिप्रभा साव,भारत सोनकर, बिंदा बाई साहू,सोहन साहू, अंकलहीन सोनकर सहित ग्राम के वरिष्ठ जन अपनी गरिमामय सहयोग प्रदान किया गया है।

## प्रधानपाठक श्यामूलाल उसारे के सेवा निवृत्त होने पर दी गई बिदाई

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चैकी जिले के अंतर्गत मानपुर विकासखण्ड के शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला भर्रीटोला के प्रधानपाठक श्री श्यामूलाल उसारे अर्धवार्षिकी आयु पूरा करने के उपरांत विगत 30 जून को सेवा निवृत्त होने पर शाला परिवार एवं ग्राम वासियों के द्वारा भावभिनी बिदाई दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों, गणमान्यजनों एवं शाला परिवार के द्वारा उनके सहज, सरल व्यक्तित्व एवं मधुर व्यवहार तथा उत्कृष्ट कार्यों का उल्लेख करते हुए श्री उसारे की सराहना की गई। वक्ताओं एवं अतिथियों ने उनके कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्री उसारे अपने कार्यों के प्रति बहुत ही समर्पित, समय के प्रति पाबंद एवं अनुशासित शिक्षक रहे हैं। उन्होंने अपने पूरे शिक्षकीय जीवन के दौरान पूरी प्रतिबद्धता, निष्ठा एवं लगन से विद्यार्थियों की सेवा कर वनांचल क्षेत्र में शिक्षा की अलक जगाने में महती भूमिका निभाई है। इसके अलावा अपने सहज, सरल, निश्छल एवं मिलनसार तथा मृदुभाषी व्यक्तित्व के कारण पहली मुलाकात में सभी से अपनत्व एवं पारिवारीक संबंध बना लेते हैं। इसी का



परिणाम है कि श्री उसारे ने एक योग्य शिक्षक के रूप में ग्राम भर्रीटोला में अपनी लंबी सेवाएं दी है। उल्लेखनीय है कि श्री उसारे की प्रथम नियुक्ति 25 जुलाई 1983 को मानपुर विकासखण्ड के प्राथमिक शाला डोड़के में सहायक शिक्षक के रूप में हुई थी। इस पद पर वे अपनी लंबी सेवा के उपरांत वर्ष 2007 में उच्च वर्ग के पद पर पदोन्नत होकर शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला भर्रीटोला में अपनी सेवाएं दी। इसके उपरांत वे 02 फरवरी 2011 को शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला भर्रीटोला में ही प्रधानपाठक के पद पर पदोन्नत होकर अपने शिक्षकीय जीवन के अंतिम कार्यकाल 30 जुलाई 2024 इसी शाला में पदस्थ रहे। श्री उसारे के एक पुत्री एवं तीन पुत्र है। उनकी बड़ी पुत्री कुमारी दीपिका उप अभियंता के पद पर पर गृह निर्माण मण्डल जिला कांकेर में पदस्थ हैं।

## कलेक्टर ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला धामनसरा का किया निरीक्षण



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम धामनसरा के दौरे के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला धामनसरा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल को हरा-भरा बनाने के लिए स्कूल परिसर में पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि स्कूल परिसर बहुत अच्छा एवं साफ-सुथरा है। प्राचार्य, शिक्षक, स्टॉफएवं ग्रामीणों ने स्वच्छता पर ध्यान देते हुए बहुत अच्छा कार्य किया है। उन्होंने कहा कि जिले में संपर्क डिवाईस के अच्छे परिणाम रहे हैं और बच्चों उपस्थिति बढ़ी है। इसे सभी स्कूलों में उपलब्ध कराया जाएगा। जिससे बच्चों की सीखने की प्रवृत्ति बढ़ेगी, उपस्थिति बढ़ेगी और संपर्क डिवाईस देखने से शिक्षकों की कौशल भी बढ़ेगा। उन्होंने सरस्वती सायकल योजना के तहत कक्षा 9वीं में नव प्रवेशी छात्राओं को सायकल वितरण किया। उन्होंने राज्य स्तरीय सब जूनियर कबड्डी बालक एवं बालिका चैम्पियनशिप में विजेता होने पर विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल कक्षा 10वीं में गणित विषय पढ़ाया। कक्षा 10वीं की छात्रा वोमेश्वरी पटेल ने 19 का पहाड़ा बहुत अच्छे से बताया, इस पर कलेक्टर ने उसकी तारीफकी। उन्होंने विद्यार्थियों को गणित को सरल तरीके से पढने का तरीका बताया। उन्होंने पहाड़ा याद करने के सरल तरीके के साथ गणित विषय को पढ़ाई करने का आसान तरीका बताया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य श्री अंगेश्वर देशमुख, जनपद



उपाध्यक्ष श्री रोहित चंद्राकर, जनपद सदस्य श्रीमती रोशनी वैष्णव, सरपंच श्री लोकेश गंगवीर, श्री रामचन्द्र चंद्राकर, उप सरपंच श्री घृतलाल पटेल, कृष्णा पटेल, श्री जीवराखन पटेल, श्री तिलक निषाद, श्री योगेन्द्र दास वैष्णव, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अभय जायसवाल, जिला मिशन समन्वयक श्री सतीश ब्यौहारे, बीआरसी श्री भगत सिंह ठाकुर, प्राचार्य श्री अजय मसीह एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित थे।

## एक दिवसीय सिकल सेल जांच महाभियान आज

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में 11 जुलाई 2024 को एक दिवसीय सिकल सेल जांच महाभियान का आयोजन किया गया है। कलेक्टर ने सभी खंड चिकित्सा अधिकारियों, स्वास्थ्य विभाग के सभी मैदानी अमलों की एक दिवसीय सिकल सेल जांच महाभियान के सफल आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने जिले के सभी नागरिकों को अपने निकटतम स्वास्थ्य केन्द्रों में पहुंचकर सिकल सेल एनीमिया की जांच कराकर आने वाली पीढ़ी के लिए एक बेहतर भविष्य का निर्माण करने में सहयोग की अपील की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि इस महाभियान के तहत 0 से 40 वर्ष के लोगों की सिकल सेल स्क्रीनिंग सॉल्यूबिलिटी टेस्ट एवं पीओसी टेस्ट के माध्यम से की जाएगी। महाभियान का मुख्य उद्देश्य 0 से 40 वर्ष के लोगों की स्क्रीनिंग कर पॉजिटिव मरीज को इलाज उपलब्ध कराना तथा निरंतर फॉलोअप करना है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया एलिमिनेशन मिशन के तहत जिले में आगामी 3 वर्ष तक 0 से 40 वर्ष आयु समूह के सभी लोगों की स्क्रीनिंग कर सिकल सेल का उन्मूलन करना है। मरीजों का चिन्हांकन कर उचित परामर्श एवं इलाज प्रदाय करना है। इस एकदिवसीय महाभियान में सभी स्वास्थ्य संस्थानों में कार्यरत मैदानी स्तर के अमलों को लक्ष्य दिया गया है, जिसके तहत 0-40 वर्ष की आयु समूह की स्क्रीनिंग कर ऑनलाइन एंट्री दर्ज करनी है। इसके लिए आवश्यक समस्त तैयारी एवं कीट सभी केन्द्रों में उपलब्ध करा दी गई है।

## झेरिया यादव समाज का बैठक 14 जुलाई को डोंगरगांव में

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज संयुक्त जिला-राजनांदगांव, चौकी-मानपुर- मोहला, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई की बैठक ज्योतिष राम यादव संयुक्त जिलाध्यक्ष के अध्यक्षता में 14 जुलाई 2024 रविवार को दोपहर 12:00 बजे से यादव सामुदायिक भवन डोंगरगांव में आयोजित है । जिला के सभी पदाधिकारी, संरक्षक गण, परिक्षेत्र, तहसील, ब्लाक एवं नगर इकाई के सभी पदाधिकारी, महिला प्रकोष्ठ एवं युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों की उपस्थिति के लिए सेवकराम यादव महामंत्री एवं प्रदेश संगठन सचिव,भारत यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अध्यक्ष, विष्णु राम यादव अध्यक्ष, कमल यादव अध्यक्ष ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने सहयोग प्रदान करने अपील की है ।

**न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, राजनांदगाँव (छ0ग0)**

राजस्व मामला क्रमांक 202407093700003
अ-6 वर्ष 2023-24

: : ईश्तहार : : -

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक छोटेलाल रामटेके आ. स्व. गजानंद रामटेके प्रस्तावित अध्यक्ष-सार्वजनिक बौद्धिष्ट देवालय, निवासी-स्टेशन पारा, राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगाँव के मोहल्ला स्टेशनपारा, स्थित शीट क्रमांक 45 डी, भूखण्ड क्रमांक-190, क्षेत्रफल 74.00 वर्गमीटर जो धारक सार्वजनिक बौद्धिष्ट देवालय, अध्यक्ष परसराम आ. दुकालू तिरपुड़े, निवासी-स्टेशनपारा, राजनांदगाँव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूखण्ड के धारक अध्यक्ष परसराम आ. दुकालू तिरपुड़े की मृत्यु होने से उनका नाम विलोपित कर प्रमुख सदस्यों की सहमति से आवेदक का नाम संस्था के अध्यक्ष के रूप में नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 29.07.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया ।

सील

**नजूल अधिकारी**
**नजूल जाँच, राजनांदगाँव**

nandgaon times julai-11-01.qxd 7/10/2024 10:07 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) मुद्रा का कागज किससे बना होता है?*

*2) हाल ही में चर्चा में रहा रज पर्व किस राज्य से संबंधित है?*

*3) हाल ही में टी20 अंतरराष्ट्रीय में 200 छक्के लगाने वाले पहले बल्लेबाज कौन बने हैं?*

*4) हाल ही में भारत और किस देश ने संयुक्त सैन्य अभ्यास नोमैडिक एलीफैंट शुरू किया है?*

*5) हाल ही में तेलंगाना के वृक्ष पुरुष पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) कागज 100 प्रतिशत रूई (2) ओडिशा (3) रोहित शर्मा (4) मंगोलिया (5) एन बलराम

# आयुक्त ने की लोककर्म एवं जल विभाग की समीक्षा

## स्वीकृत कार्य तत्काल प्रारंभ करने, सुचारू पेयजल के लिये सर्वे कर सार्वजनिक नल काटने के दिये निर्देश

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता आज तकनीकि अधिकारियों की बैठक लेकर निर्माण कार्य एवं पेयजल व्यवस्था की समीक्षा में स्वीकृत निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ करने व चल रहे कार्यो में तेजी लाने के निर्देश देने के साथ साथ शहर के सभी वार्डो में सुचारू पेयजल के लिये सर्वे कर सार्वजनिक नल तथा अवैध नल काटने के निर्देश दिये। बैठक में आयुक्त श्री गुप्ता ने सर्व प्रथम जल विभाग की समीक्षा कर पेयजल सप्लाई के सबंध में चर्चा कर अब तक काटे गये अनावश्यक बहने वाले सार्वजनिक नल की जानकारी ली। कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके ने जानकारी दी कि एक सप्ताह में 52 सार्वजनिक नल काटा गया है, शिकायत एंव सर्वे के आधार पर काटने की कार्यवाही की जा रही है। आयुक्त ने कहा कि सभी उप अभियंता अपने अपने प्रभारित वार्ड में सार्वजनिक एवं अवैध नल का सर्वे करे और टोटी विहीन तथा अनावश्यक बहने वाले नल सूचीबद्ध कर जल विभाग को प्रेषित करे, जिससे उक्त नल काटा जा सके। साथ ही भवन भवन अनुज्ञा उपरांत राशि जमा नहीं करने वालो के नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही करने कहा। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में कम पानी आने व गंदा पानी आने की शिकायत प्राप्त होती है उसका यथा संभव निराकरण करे, इसी प्रकार नागरिकों एवं पार्षदों की शिकायतो का भी तत्काल निराकरण करे। उन्होंने कहा कि टंकिया पर्याप्त भरने के पश्चात ही सप्लाई करे, जिससे सभी क्षेत्रों में पर्याप्त प्रेशर से पानी आ सके। वाल्व खोलने संबंधी शिकायतों का भी निराकरण करे।

आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि कही कही अमृत मिशन के द्वारा नल कनेक्शन नहीं होने की शिकायत आ रही है, वहा नल कनेक्शन देवे, पार्षदों से सम्पर्क कर छुटे हुये कनेक्शन लगावे, शेष इंटर कनेक्शन करे,




पुराने नल कनेक्शन बंद करें, जिससे समान रूप से पेयजल सप्लाई हो सके। उन्होंने एलम ब्लीचिंग की पर्याप्त उपलब्धता रखने कहा ताकि बारिश में शुद्ध पेयजल सप्लाई में रूकावट न हो। निर्माण कार्य की समीक्षा में आयुक्त ने कहा कि अधोसंरचना मद अंतर्गत वार्डो में कराये जाने वाले कार्यो हेतु पार्षदों द्वारा दिये गये कामो का जल्द प्राक्कलन तैयार करे। वृक्षारोपण के लिये स्थल सहित अन्य आवश्यक तैयारी करे, पार्षदों से भी सम्पर्क करे, ताकि शहर में वृहद रूप से वृक्षारोपण हो सके। उन्होंने स्कूल मरम्मत एवं आंगनबाडी मरम्मत कार्य की जानकारी ली। कार्यपालन अभियंता श्री रामटेके ने बताया कि स्कूल मरम्मत का कार्य पूर्णत: की ओर है तथा आंगनबाडी के लिये निविदा प्रक्रिया की जा रही है। उन्होंने आर.के.नगर उद्यान सहित शहर के उद्यानों में आवश्यक मरम्मत करने के निर्देश दिये। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि सभी तकनीकि अधिकारी अपने अपने प्रभारित वार्ड में चल रहे कार्यो में प्रगति लावे एवं प्रारंभ होने वाले कार्यो को तत्काल प्रारंभ कराये तथा जिन ठेकेदारों द्वारा कार्य प्रारंभ नही किया गया है एवं जिनके द्वारा अधुरा कार्य किया गया है, उन्हे नोटिस जारी कर अविलंब कार्य प्रारंभ कराये। उन्होंने कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके एवं प्र.कार्यपालन अभियंता श्री कामना सिंह यादव से कहा कि सभी सहायक अभियंता एवं उप अभियंताओं से कार्य की प्रगति की नियमित रूप से जानकारी लेवे,उसके आधार पर स्थल निरीक्षण करे और कार्य में प्रगति लावे। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखेंगे। निर्माण कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जावेगी। आयुक्त श्री गुप्ता ने आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण के संबंध में आवश्यक तैयारी करने कहा। पिछले सर्वेक्षण में जो कमी थी उसे दूर करे, सर्वेक्षण के बिन्दुओ के आधार पर तैयारी करे, एसएलआरएम सेंटरों में व्यवस्था सुनिश्चित करे तथा शहर में साफ सफाई के अलावा लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाकर उन्हें स्वच्छता से जोडे। बैठक में सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता श्री दिलीप मरकाम व सुश्री पिंकी खाती, उप अभियंता सर्वश्री दीपक महला, श्रीमती गरिमा वर्मा, श्रीमती ज्योति साहू, सुश्री आयुषी सिंह, अनिमेष चंद्रकार, तिलक राज ध्रुव, अशोक देवांगन, डागेश्वर कर्ष, अनुप पांडे, अमृत मिशन के अधिकारी श्री राजेश पवार व श्री ईब्राहिम भाई, लिपिक श्री राहुल ठाकुर, फिटर श्री सेवाराम व श्री सोमनाथ उपस्थित थे।

## जगदलपुर के 04 केन्द्रों में होगी बीएससी नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा

**जगदलपुर (नांदगांव टाइम्स)** । छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा आगामी 14 जुलाई 2024 को प्रात: 10 बजे से अपरान्ह 12.15 बजे तक बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया है। जिले के अंतर्गत प्रथम पाली में प्रवेश परीक्षा जगदलपुर स्थित 04 केन्द्रों में होगी। जिसके तहत प्रथम पाली में परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1701 शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज धरमपुरा नम्बर 02 जगदलपुर में 500 परीक्षार्थी, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1702 शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय धरमपुरा नम्बर 03 में 500 परीक्षार्थी, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1703 शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल क्रमांक-1 जगदलपुर में 450 परीक्षार्थी और परीक्षा केंद्र क्रमांक 1704 शासकीय बहुउद्देशीय हायर सेकण्डरी स्कूल जगदलपुर में 131 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के सफल संचालन के लिए संयुक्त कलेक्टर सुनील कुमार शर्मा मोबाइल नंबर 70007-19991 को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## गौ वंश को कुचलने वाले आ रहे मामले, नहीं हो रही वैधानिक कार्यवाही - बजरंगदल

**जगदलपुर (नांदगांव टाइम्स)।** बस्तर जिले में सड़को में आये दिन सड़क हादसे हो रहे है जिसमें गौ वंश की मृत्यु अथवा गंभीर रूप से



घायल हो रहे है द्य घायल गौ वंशों को बजरंगदल जिला पशु चिकित्सालय से उपचार कर हैप्पी कामधेनु गौ शाला भेज रहा हैद्य इस एनजीओ मे पहले से ही सैकड़ो की संख्या में गौवंश है, जिस कारण जगह की कमी भी हो रही है द्य और संपूर्ण जिले में सड़क हादसो मे घायल गौ वंश रोजाना 6-8 की संख्या में आ रहे है, जो नई परेशानियों को जन्म दे रहा है. उक्त बातें बजरंग दल जिला सह संयोजक मुन्ना कोरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही है. मुन्ना ने बताया कि बस्तर जिले में नेशनल हाईवे, स्टेट हाईवे, शहरी व ग्रामीण इलाके सहित चौक चौराहौ व अन्य आवागमन वाले सड़को में गौ वंश का डेरा है द्य जिस कारण लगातार सड़क हादसे हो रहे है, व जिसमें गौ वंश की मृत्यु व गंभीर रूप से घायल हो रहे है द्य लगातार गौ वंश को कुचलकर मौत के घाट उतारने वाले चालको और गैर जिम्मेदार पशुपालको पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है द्य जिला कलेक्टर उक्त मामले को संज्ञान लेते हुए कठोर कार्यवाही करे, कोई सार्थक पहल नही होने की स्थिति में बजरंग दल उग्र आंदोलन करने बाध्य होगा। ज्ञापन देने विहिप प्रांत सदस्य प्रचार प्रसार विभाग रोहन कुमार, विभाग सेवा प्रमुख अनिल अग्रवाल, जिला संयोजक घनश्याम नाग,जिला सह संयोजक मुन्ना कोरी,नगर उपाध्यक्ष अजय यादव,नगर सह मंत्री नितेश सेठिया, बजरंग दल जगदलपुर नगर संयोजक भवानी चौहान,नगर सह गौ रक्षा प्रमुख सुदेश बघेल, नगर विधार्थी प्रमुख देव यादव, रोहित झा,तमिश नायडू,अमन धीवर व अन्य बजरंगी उपस्तिथ थे।

## कलेक्टर ने ग्राम पंचायत धामनसरा पहुंचकर शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन का जमीनी स्तर पर किया निरीक्षण

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज ग्राम पंचायत धामनसरा पहुंचकर शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जमीनी स्तर पर निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल को शासन एवं प्रशासन के सहयोग से गांव में अच्छे विकास कार्य होने पर ग्रामीणों ने शॉल-श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने ऐसे लोकहितकारी कार्य जो समाज के लिए स्थायी तौर पर फायदेमंद रहे इसके लिए कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर ग्रामवासियों से चर्चा की। उन्होंने बताया कि इससे ग्राम के विकास को गति मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर जिला स्तरीय अधिकारी शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में निरीक्षण कर रहे हैं और समस्याओं का समाधान के लिए कार्य कर रहे हैं। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने धामनसरा के किसानों से खेती-किसानी के संबंध में चर्चा की। उन्होंने धामनसरा के किसानों को रबी के मौसम में धान के बदले कम



पानी उपयोग वाली फसलों का उत्पादन करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने नि:शुल्क खाद्यान्न योजना के तहत ग्रामीणों को उपलब्ध खाद्यान्न के संबंध में जानकारी ली। इसके साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दी। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने ग्रामीणों द्वारा गांव के चौक-चौराहों में सीसीटीवी कैमरा लगाये जाने की पहल पर ग्रामीणों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि यह कार्य बहुत अच्छा है। इससे चोरी, अपराध जैसी गतिविधियों में कमी आती है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य श्री अंगेश्वर देशमुख, जनपद उपाध्यक्ष श्री रोहित चंद्राकर, जनपद सदस्य श्रीमती रोशनी वैष्णव, सरपंच श्री लोकेश गंगवीर, श्री रामचन्द्र चंद्राकर, उप सरपंच श्री घृतलाल पटेल, कृष्णा पटेल, श्री जीवराखन पटेल, श्री तिलक निषाद, श्री योगेन्द्र दास वैष्णव, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अभय जायसवाल, जिला मिशन समन्वयक श्री सतीश ब्यौहारे, बीआरसी श्री भगत सिंह ठाकुर एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में गायत्री विद्यापीठ अव्वल

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शिक्षा व संस्कार के क्षेत्र में अग्रणी गायत्री विद्यापीठ में आयोजित जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में शाला के विद्यार्थियों ने 51 पदक बटोरे। ज्ञात हो कि उक्त प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न स्कूलों से 110 प्रतिभागी विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे जिसमें गायत्री विद्यापीठ का श्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। इस दौरान विद्यार्थियों ने योगासन का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 51 पदक प्राप्त किये।उक्त प्रतियोगिता में गायत्री विद्यापीठ की योग शिक्षिका श्रीमती भारती साहू के मागदर्शन में विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस अवसर पर शाला की प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी एवं उन्होंने बताया कि यह विद्यालय आरंभ से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु अग्रिम पंक्ति में है, विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ जीवन जीने की कला संबंधी जो सीख यहाँ दी जाती है वह सभी के लिए अनुकरणीय है।पदक प्राप्त विद्यार्थियों के नाम इस प्रकार हैं- ईशान साहू, प्रियल रजा, देविका शेण्डे, अंतोरा मैती, वैष्णवी रंगारी, साहित्य देवांगन, नचिकेत बिसेन, षिका गुप्ता, चैतन्य, नयन देवांगन, यथार्थ, अनन्या, रेनू साहू, लीना, रीया, प्रवेश देवांगन, जागृति वन्या मरकाम, जोया, आशुतोष साहू, चैतन्य, निरूकमा साहू, नीति पटेल, उत्कर्ष निर्मलकर, आकृति महोबिया, शुभम, प्रिंस जैन, अर्पण, हुमन रायजादा, तान्या शर्मा, एकलव्य लड्ढा शामिल है। इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, श्री राजेश जैन, सचिव श्री गगन लड्ढा, सहसचिव निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकान्त चितलांग्या, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी श्री हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, एकेडमिक प्रभारी श्री अमित उत्तलवार, प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, उप प्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, प्रशासक अनिल वाजपेयी, मैनेजर तरनजीत सिंह टूटेजा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी शाला की व्याख्याता श्रीमती उषा झा ने दी।



## निशुल्क दो दिवसीय महालक्ष्मी अर्चन कुंडली विश्लेषण शिविर 950 भक्तों की उपस्थिति में संपन्न

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** आयोजन समिति के संयोजक राहुल अग्रवाल आयोजन अध्यक्ष मयंक कृष्णा शर्मा उपाध्यक्ष रितेश यादव कोषाध्यक्ष संदेश सचिव सौरभ खंडेलवाल सहसचिव प्रशांत अग्रवाल ने बताया की कार्यक्रम स्थल में भव्य आकर्षक स्वागत द्वार , नैनाभीराम स्टेज सजाया गया, साथ ही दो एलईडी स्क्रीन लगाई गई संस्कारधानी राजनंदगांव में विख्यात पंडित विनोद दुबे का दो दिवसीय निशुल्क कुंडली विश्लेषण शिविर जबलपुर वालों का 6 एवं 7 जुलाई स्थान अग्रसेन भवन भरका पारा राजनंदगांव में 950 भक्तों की उपस्थित संपन्न संस्कारधानी राजनांदगांव में पहली बार निशुल्क दो दिवसीय कुंडली विश्लेषण शिविर में भारत के विभिन्न राज्यों, प्रदेशों हरियाणा उड़ीसा महाराष्ट्र , उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल , पंजाब ,बिहार , मध्य प्रदेश , देवभूमि उत्तराखंड से 465 भक्तों का आगमन संस्कारधानी की भूमि में हुआ है आयोजन समिति द्वारा उपस्थित भक्तों का स्वागत तिलक लगाकर किया गया सैकड़ो की संख्या में भक्तों ने सामूहिक निशुल्क महालक्ष्मी का पूजन अर्चन किया तत्पश्चात प्रख्यात ज्योतिषाचार्य पंडित विनोद दुबे जी द्वारा उपस्थित भक्तों का निशुल्क कुंडली विश्लेषण कर विभिन्न उपाय बताए गए उपाय सुनकर राजनांदगांव एवं छत्तीसगढ़ के लगभग 85 भक्त एवं विभिन्न राज्यों के 165 भक्तों ने अपनी समस्या का हल पाया ।उपस्थित भक्तों लिए दोनों दिन निशुल्क चाय नाश्ता एवं जल जल व्यवस्था की गई थी जिसमें पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए डिस्पोजल का उपयोग ना करते हुए तांबे का लोटा एवं स्टील के



गिलास पानी पीने के लिए उपलब्ध कराए गए । विभिन्न राज्यों से पधारे सभी ने व्यवस्थाओं की भूरि भूरि प्रशंसा की एवं यह आयोजन दोबारा करने की अपील करते हुए कहा कि हम संस्कारधानी राजनांदगांव दोबारा आएंगे यहां का अतिथि सत्कार बड़ा ही प्रशंसनीय एवं प्रेरणादाई है ।आयोजन में अतिथि के रूप मे माननीय श्री मधुसूदन यादव जी उपाध्यक्ष प्रदेश भाजपा ,छत्तीसगढ़ , माननीय श्री जितेंद्र मुदलियार पूर्व अध्यक्ष युवा आयोग छत्तीसगढ़ शासन एवं विभिन्न समाज के अध्यक्ष व वह महिला अध्यक्ष एवं माननीय श्रीमती शारदा तिवारी समाजसेवी माननीय श्री अशोक पांडेजी संपादक नादगांव टाइम्स राजनंदगांव, रायपुर से पधारे मीडिया के अतिथि गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए समिति की ओर से अतिथि जनों का सम्मान किया गया । आयोजन को सफल बनाने में विशेष आमंत्रित सदस्य भावेश अग्रवाल , स्वागत प्रमुख शिव वर्मा , गणेश पवार,महेश शर्मा दिनेश अग्रवाल रवि शर्मा प्रशांत अग्रवाल मनीष यादव अरविंद गुप्ता, लोकेश अग्रवाल कैलाश गुप्ता, करण अग्रवाल ,चैतन्य अग्रवाल रोहित शर्मा प्रभात गुप्ता एवं सनातन धर्म महिला मंडल की प्रदेश अध्यक्ष मौसमी शर्मा, ममता शर्मा मीना पांडे मंजू लता जोशी, प्रीति गुप्ता सविता जोशी , प्रतिभा खंडेलवाल आरती गुप्ता , कीर्ति अग्रवाल एवं अन्य साथियों का विशेष योगदान रहा । बाल रत्न मंच सेवा समिति ने आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी का नतमस्तक होकर आभार व्यक्त किया । उपरोक्त जानकारी आयोजन समिति के संयोजक राहुल अग्रवाल एवं सचिव सौरभ खंडेलवाल ने दी ।

## धर्म समाचार....

## 15 जुलाई को अबुझ मुहूर्त भड़ली नवमी : विवाह, मुंडन और गृह प्रवेश के लिए शुभ है आषाढ़




सोमवार, 15 जुलाई को आषाढ़ शुक्ल नवमी है। इसे भड़ली नवमी कहते हैं। इस दिन आषाढ़ गुप्त नवरात्रि भी खत्म हो रही है। देवशयनी एकादशी (17 जुलाई) से पहले आने वाली भड़ली नवमी को अबुझ मुहूर्त माना जाता है। इस दिन विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश या नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। इस दिन बिना मुहूर्त देखे भी मांगलिक कार्य किए जा सकते हैं।

उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के अनुसार भड़ली नवमी गुप्त नवरात्रि की अंतिम तिथि भड़ली नवमी पर गणेश जी, शिव जी और देवी दुर्गा की विशेष पूजा करनी चाहिए। जरूरतमंद लोगों को धन, अनाज, छाता, जूते-चप्पल, कपड़े का दान करना चाहिए। जानिए भड़ली नवमी पर कौन-कौन से शुभ काम किए जा सकते हैं...

गणेश जी को पंचामृत से स्नान कराएं। इसके बाद हार-फूल और वस्त्रों से श्रृंगार करें। चंदन का तिलक लगाएं। ऊँ गं गणेशाय नम: मंत्र का जप करें। दूर्वा और लड्डू चढ़ाएं। धूप-दीप जलाकर आरती हैं। शिवलिंग पर तांबे के लोटे से जल चढ़ाएं। पंचामृत अर्पित करें। इसके बाद फिर से जल चढ़ाएं। पंचामृत दूध, दही, घी, मिश्री और शहद मिलाकर बनाया जाता है। शिवलिंग का अभिषेक करने के बाद चंदन का लेप करें। इसके बाद बिल्व पत्र, हार-फूल, आंकड़े के फूल, धतूरा आदि पूजन सामग्री चढ़ाएं। दीपक जलाएं और ऊँ उमामहेश्वराय नम: मंत्र का जप करें। मंत्र जप के लिए रुद्राक्ष की माला का इस्तेमाल करें। शिव जी के साथ ही देवी पार्वती की भी पूजा करें। देवी मां को लाल चुनरी और लाल फूल चढ़ाएं। देवी दुर्गा पार्वती जी का ही एक रूप हैं। गुप्त नवरात्रि में देवी सती की महाविद्याओं के लिए साधना की जाती है। ये साधनाएं तंत्र-मंत्र से जुड़े साधक ही करते हैं। इन दस महाविद्याओं में मां काली, तारा देवी, षोडषी, भुवनेश्वरी, भैरवी, छिन्नमस्ता, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी, और कमला देवी शामिल हैं। नवरात्रि का संबंध ऋतुओं से है। जब दो ऋतुओं का संधिकाल रहता है, उस समय देवी पूजा का ये पर्व मनाया जाता है। संधिकाल यानी एक ऋतु के खत्म होने का और दूसरी ऋतु के शुरू होने का समय। एक साल में चार बार ऋतुओं के संधिकाल में नवरात्रि आती है।

### 31 जुलाई तक इन राशियों की चमकेगी किस्मत, जरूर करें इन चीजों का दान

ज्योतिष शास्त्र में शुक्र ग्रह को सुख और सुविधा प्रेम सौंदर्य और भोग-विलास का कारक ग्रह माना जाता है। जुलाई माह में शुक्र ग्रह दो बार राशि परिवर्तन करेंगे। ऐसे में यह माना जाता कि इसका प्रभाव कुछ राशियों पर सकारात्मक रूप से पढ़ने वाला है। वहीं इस दौरान कुछ राशियों को दान आदि करने से भी शुभ फलों की प्राप्ति हो सकती है। ज्योतिष शास्त्र की मान्यताओं के अनुसार, कुंडली में शुक्र की स्थिति कमजोर होने पर व्यक्ति के सुखों में कमी आने लगती है। वहीं इसके मजबूत होने पर सुख और सुविधा में वृद्धि होती है। 07 जुलाई, 2024 को शुक्र ग्रह मिथुन राशि से निकलकर कर्क में प्रवेश कर चुके हैं। ऐसे में चलिए जानते हैं कि इस दौरान किन राशियों को लाभ मिलने वाला है।




**कब करेंगे गोचर**- 07 जुलाई, 2024 रविवार के दिन शुक्र ग्रह, चंद्रमा की राशि कर्क में प्रवेश कर चुके हैं। वह इस राशि में 31 जुलाई को दोपहर 02 बजकर 40 मिनट तक रहने वाले हैं। उसके बाद से वह परिवर्तन करके सिंह में प्रवेश करेंगे।

**तुला राशि** - शुक्र के राशि परिवर्तन से तुला राशि के जातकों को विशेष लाभ मिल सकता है। इस दौरान आप सुख-सुविधाओं पर अधिक पैसे खर्च करेंगे। लेकिन साथ ही आपके लिए धन प्राप्ति के भी योग बन रहे हैं। आपको कोई खुशखबरी भी मिल सकती है। साथ ही आप नई प्रॉपर्टी या फिर वाहन आदि खरीद सकते हैं।

**वृषभ राशि** - वृषभ राशि वालों को भी शुक्र ग्रह के गोचर से लाभ मिलने वाला है। बिजनेस में मुनाफा होगा, साथ ही नौकरी आदि में भी नए अवसर प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और शिक्षा प्रतियोगिता में भी सफलता मिलेगी। इस दौरान लव लाइफ में भी आपको लाभ मिलने वाला है।

**दान करें ये चीजें**- इस दौरान वृषभ राशि और तुला राशि के जातकों के लिए दान-पुण्य करना बेहतर रहने वाला है। ऐसे में आप सफेद रंग की चीजों जैसे दूध, दही, सफेद वस्त्र या सफेद मिठाई जैसे पेठा आदि का भी दान कर सकते हैं। इससे आपको जीवन में विशेष लाभ देखने को मिलेगा।

nandgaon times julai-11-01.qxd 7/10/2024 10:07 PM Page 4






प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, प्रबंध सम्पादक- श्रीमती कल्पना पाण्डे । मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com